रोहतक
शनिवार, 20 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 231
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 37.1
न्यून. 20.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,626.23 | 387.73 ▼ |
| निफ्टी | 25,327.05 | 96.55 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,14,000/- | 800/- ▲ |
| चांदी | 1,32,000/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.11 | 9 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 67.07 बैरल 0.55% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।







समर्थक विजय उत्सव के दौरान शांति बनाएं रखें। मैं हमेशा छात्रों के साथ खड़ा रहूंगा और उनके कल्याण के लिए काम करूंगा। -आर्यन मान, नव निर्वाचित अध्यक्ष डूसू।

### डूसू चुनाव

**एबीवीपी के खाते में 4 में से 3 सीटें**

# बहादुरगढ़ के आर्यन बने दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट एनएसयूआई के राहुल झांसला का वाइस प्रेजिडेंट पर कब्जा

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर जीत हासिल की है। एबीवीपी के आर्यन मान ने एनएसयूआई की अपनी प्रतिद्वंद्वी जोसलिन नंदिता चौधरी को 16,196 मतों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एनएसयूआई उम्मीदवार राहुल झांसला (29,339 मत) ने एबीवीपी के गोविंद तंवर (20,547 मत) को हराकर उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी के कुणाल चौधरी ने 23,779 मत प्राप्त कर एनएसयूआई के कबीर को हराकर सचिव पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी की दीपिका झा ने लवकुश भड़ाना को हराकर संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की। झा को 21,825 मत मिले जबकि भड़ाना के खाते में 17,380 मत आए। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) दोनों ही दलों को खाली हाथ रहना पड़ा। कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई को केवल एक पद से ही संतोष करना पड़ा।

आर्यन मान हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। वर्तमान में दिल्ली यूनिवर्सिटी में लाइब्रेरी साइंस में एमए कर रहे हैं।

**मान ने एनएसयूआई की जोसलीन नंदिता चौधरी को 16196 वोटों से हराया**

**राहुल झांसला ने एबीवीपी के गोविंद तंवर को 29339 वोटों से हराया**

**एबीवीपी के कुनाल सचिव और दीपिका झा संयुक्त सचिव**


*राहुल झांसला, एनएसयूआई*

वाइस प्रेजिडेंट चुने गए राहुल झांसला राजस्थान के अलवर के रहने वाले हैं। डीयू के शहीद भगत सिंह कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है और अब डीयू के बुद्धिस्ट स्टडीज में एमए कर रहे हैं।

### युवा पीढ़ी के लिए 'राष्ट्र प्रथम'



*भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रमुख पदों पर एबीवीपी जीत दर्शाती है कि युवा पीढ़ी ने 'राष्ट्र प्रथम' के संदेश को अपनाया है। अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल करने पर बधाई।*

**सीएम सैनी ने दी बधाई**



*सीएम नायब सिंह सैनी ने आर्यन मान को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, यह जीत विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के प्रति समर्पित युवाओं के अटूट विश्वास और अटल संकल्प की जीत है। युवाओं के ऊर्जा और उत्साह से मिली यह जीत राष्ट्र शक्ति में परिवर्तित होगी।*

## खबर संक्षेप

### प्रवीर रंजन सीआईएसएफ के महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीर रंजन को सीआईएसएफ और प्रवीण कुमार को आईटीबीपी का महानिदेशक नियुक्त किया गया। रंजन की नियुक्ति 31 जुलाई 2029 यानी रंजन की सेवानिवृत्ति की तिथि तक रहेगी। वहीं प्रवीण कुमार 30 सितंबर 2030 यानी उनकी सेवानिवृत्ति तक पर रहेंगे। भाषा

### पीएम मोदी ने लगाया कदम्ब का पौधा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा लगाया। यह पौधा यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से एक विशेष उपहार के तौर पर भेजा गया था। यूके के राजा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर यह पौधा उपहार के तौर पर भेजा था। भाषा

### 20 रुपये में खिलाए सिर्फ 4 गोल गप्पे तो दिया धरना

**वडोदरा।** वडोदरा में एक महिला ने 20 रुपये में 6 की जगह सिर्फ 4 पानी पुरी मिलने पर इतना गुस्सा जताया कि उसने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। यह मामला सुरसागर झील के पास हुआ, जहां महिला का विरोध इतना बढ़ गया कि लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम लग गया। भाषा

*खाद्य एवं औषधि विभाग ने जारी किए आदेश : निर्माण, भंडारण और वितरण पर रोक*

# प्रदेश में गुटखा-पान मसाले पर बैन, बेचने वाले पर 10 लाख जुर्माना, मौत पर उम्रकैद



**निकोटिन वाले उत्पाद स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक।**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

सरकार ने हरियाणा में गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश खाद्य एवं औषधि विभाग की ओर से दिए गए हैं। आदेशों के अनुसार तंबाकू उत्पादों का निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। आदेशों में साफ लिखा है कि प्रतिबंध के बावजूद अगर कोई इन्हें बेचता पाया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, क्योंकि तंबाकू और निकोटिन वाले उत्पाद स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। अगर कोई उत्पाद स्वास्थ्य के लिए खतरनाक पाया जाता है तो दुकानदार पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अन्य मामूली मामलों में जुर्माना 2 लाख रुपये तक हो सकता है।

▸▸ हर माह कैंसर के 2,916 नए मरीज मिल रहे हैं। सालाना यह आंकड़ा करीब 35,000 है। हर माह 1,500 मरीजों की मौत हो रही है। 30 साल से अधिक उम्र के एक लाख लोगों में 102 से अधिक में कैंसर के लक्षण पाए जा रहे हैं। यह बेहद डराने वाली रिपोर्ट।

**कुछ मामलों में जुर्माना 2 लाख रुपये तक हो सकता है**

**पिछले साल भी सरकार ने एक साल के लिए बैन बढ़ाया था सख्त सजा के प्रावधान किए थे**

इन उत्पादों में तंबाकू, निकोटिन, भारी धातुएं कृत्रिम स्वाद और प्रतिबंधित रसायन मिलते हैं




**केंद्र सरकार भी 2011 में लगा चुकी तंबाकू पर बैन**

अगर नियम तोड़ने की वजह से किसी की मौत हो जाती है, तो दोषी को 7 साल से लेकर आजीवन जेल की सजा और 10 लाख रुपये से कम का जुर्माना नहीं लगाया जा सकता। बता दें कि केंद्र सरकार पहले ही 2011 में तंबाकू और निकोटिन वाले उत्पादों पर बैन लगा चुकी है। लगातार बढ़ रहे मरीजों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने भी इन पर एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।



**हर साल बढ़ाया जाता है एक साल का प्रतिबंध**

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले राज्य में छह सितंबर 2024 को भी बैन एक साल के लिए बढ़ाया गया था। बता दें कि प्रदेश में सात सितंबर 2003 को गुटका व पान मसाला पर प्रतिबंध लगाया गया था तब से एक-एक साल के लिए प्रतिबंध बढ़ाया जाता है ताकि प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिल सके।

### पैकेट या खुले में नहीं बेच सकेंगे

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत इस बार भी प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू किया है। आदेश के अनुसार राज्य में गुटका और पान मसाला जैसे तंबाकू उत्पाद किसी भी नाम से पैकेट या खुले रूप में बेचे नहीं जा सकेंगे। सभी फूड इंस्पेक्टर, एसपी और सिविल सर्जन समेत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इस पाबंदी का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। तंबाकू उत्पाद लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं और आने वाली पीढ़ियों पर बुरा असर डाल सकते हैं। इन उत्पादों में तंबाकू, निकोटिन, भारी धातुएं, कृत्रिम स्वाद और प्रतिबंधित रसायन पाए जाते हैं जो कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। इसलिए इन पर बैन बढ़ा दिया गया है।

**किसानों के लिए बड़ी राहत**

# सामान्य एवं ग्रेड-ए धान की कीमत 69 रुपये बढ़ी

*अब 2389 प्रति क्विंटल तक मिलेंगे दाम*
*चार दिन बाद शुरू होगी सरकारी खरीद*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। धान की फसल के लिए केंद्र सरकार ने नए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान कर दिया है। इसके बाद अब हरियाणा के किसान सामान्य धान 2369 रुपये और ग्रेड-ए धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल बेच सकेंगे। यह पिछले साल की तुलना में 69 रुपये ज्यादा है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में 23 सितंबर से धान सरकारी खरीद शुरू कर सकती है। प्रदेश में इस बार करीब 84 लाख मीट्रिक टन धान की आवक का अनुमान है। राज्य सरकार नई मिलिंग पॉलिसी 2025-26 को पहले ही मंजूरी दे चुकी है, जिसके तहत राइस मिलरों को अब रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह व्यवस्था धान के सुचारू उठान के लिए की गई है।

**पिछले साल यह था रेट**

खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए केंद्र सरकार ने धान (सामान्य) के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और धान (ग्रेड-ए) के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी तय की थी। इस बार 69 रुपये ज्यादा मिलेंगे।

### सहमति से बने संबंध को विवाह न होने पर दुष्कर्म नहीं माना जा सकता

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि दो वयस्कों के बीच सहमति से बने शारीरिक संबंध को केवल इस कारण दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता कि अंततः विवाह नहीं हो पाया। अदालत ने एक युवक के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले में एफआईआर रद्द कर दी। जस्टिस कीर्ति सिंह की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी महिला की सहमति विवाह के झूठे वादे पर ली गई है तो यह दिखाना आवश्यक है कि आरोपित की शुरू से ही शादी करने की कोई मंशा नहीं थी और उसने केवल शारीरिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए झूठा वादा किया। मामले में शिकायतकर्ता महिला और युवक की सगाई हो चुकी थी। दोनों लंबे समय तक रिश्ते में रहे और रोका समारोह भी संपन्न हुआ था। यहां तक कि नवंबर 2024 की शादी की तारीख भी तय कर दी गई थी। लेकिन बाद में दोनों परिवारों में मतभेद उभर आए और विवाह नहीं हो सका। इसके बाद महिला ने युवक पर झूठे बहाने से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

**गंभीर चोटों के कारण गई जान**

### जुबिन गर्ग की स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत



**पीएम ने दु:ख जताया बोले-आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूं**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** 'या अली' और 'जाने क्या चाहे मन बावरा' जैसे प्रसिद्ध बॉलीवुड गानों के गायक और युवाओं के दिलों की धड़कन जुबिन गर्ग की शुक्रवार को सिंगापुर में 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान मौत हो गई। दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सिंगापुर में एक महोत्सव के आयोजकों ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी हैं। 'स्कूबा डाइविंग' के दौरान गर्ग को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 'स्कूबा डाइविंग' पानी के अंदर एक प्रकार की गतिविधि है, जिसमें लोग विशेष उपकरणों की मदद से सांस लेते हुए समुद्र या किसी गहरे जल स्रोत में गोता लगाते हैं।

**घात लगाकर किया हमला**

### मणिपुर में दो जवान शहीद पांच घायल, एक गंभीर



**असम राइफल्स के जवान बिष्णुपुर जा रहे थे, तभी वारदात**

**बिष्णुपुर (एजेंसी)।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम उग्रवादियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में दो जवानों शहीद हो गए, जबकि पांच घायल हुए हैं। एक जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हमले ने एक बार फिर राज्य में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शाम करीब 6 बजे बिष्णुपुर जिले के नांबोल सबल लीकाई इलाके में हुआ। असम राइफल्स के जवानों का वाहन इंफाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहा था। तभी घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी।

**गिरीराज बोले, कांग्रेस नेता शहरी नक्सलवाद को बढ़ा रहे**

**रविशंकर ने कहा, राहुल ने लोकतंत्र को कमजोर किया**

# राहुल गांधी के जेन जेड वाले पोस्ट से सियासी पारा चढ़ा, भाजपा का पलटवार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'जेन जेड' वाले एक्स पोस्ट से बिहार का सियासी पारा चढ़ गया। भाजपा और जदयू ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अपना मनसिक संतुलन खो चुके हैं। वह शहरी नक्सलवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह, रविशंकर प्रसाद और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। वे हताश और निराश हैं। फडणवीस ने कहा कि राहुल का दिमाग चोरी हो गया है। वह माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं।

### राहुल का संविधान में विश्वास नहीं : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर 'अर्बन नक्सली' की तरह बयान देने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांग्रेस नेता ने 'जेन-जेड' को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने को कहा। 'जेन-जेड' वे युवा हैं, जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। राहुल न तो संविधान में विश्वास करते हैं और न ही लोकतांत्रिक संस्थाओं को स्वीकार करते हैं। उनके सलाहकारों की सोच भी अर्बन नक्सली जैसी है।



**हताश हो चुके राहुल : गिरिराज**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। मैंने पहले भी कहा था कि राहुल गांधी कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जेड की बात करेंगे। यह अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं।

**यह कहा था राहुल ने**

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा था, देश के युवा, देश के स्टूडेंट्स, देश के जेड जेड संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद! इसी पोस्ट के बाद सियासी बवाल मचा है।

**चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा**

राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा। उन्होंने मतदाता सूची से नाम कथित तौर पर नाम हटाए जाने से संबंधित अपने संवाददाता सम्मेलन का एक संक्षिप्त वीडियो 'एक्स' पर साझा किया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना को मांगे आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025 - 26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल https://saral-haryana.gov.in/ पर जमा कर सकते हैं।

### जजपा ने किसान प्रकोष्ठ का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी रोशन ढांडा, प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद किसान सेल के सभी 22 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की।

### बीबीएमबी ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया



**चंडीगढ़।** शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने गत 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता के महत्व पर जन जागरूकता फैलाने के लिए एक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली को अध्यक्ष बीबीएमबी मनोज त्रिपाठी द्वारा चंडीगढ़ के सेक्टर 35 में स्थित बीबीएमबी अधिकारी विश्राम गृह से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 24 से

**चंडीगढ़।** पानीपत शहर में आगामी 24 सितंबर से 26 सितंबर तक राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस शहर के शिवाजी स्टेडियम में खो-खो प्रतियोगिताएं और आर्य कन्या महाविद्यालय में तलवारबाजी के मुकाबले होंगे। इस आयोजन में प्रदेशभर से लगभग 1200 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें लडक़े और लड़कियां दोनों शामिल हैं।

### स्पीकर ने एमएलए हॉस्टल परिसर में किया पौधरोपण



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को एमएलए हॉस्टल परिसर में पलाश का पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद एनआईटी फरीदाबाद से विधायक सतीश कुमार फागना और विधान सभा अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर ट्रैवलर पाम, सेगियम, एरोकेरिया, पलाश, मिशेलिया चम्पाका, कटोसिया, हिबिस्कुस, थ्यूजा, बेला पत्ता अंजीर, इक्सोरा, फ़िकस पांडा, नेकोडिया आदि के 300 से अधिक पौधे लगाए गए।

---

**ग्रामीण बोले, डीसी से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई**

# नूंह के खानपुर घाटी गांव के श्मशान पर सरकारी विभाग का कब्जा, सड़क पर करना पड़ा बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

कासिम खान ▶▶ नूंह

जिले के खानपुर घाटी में श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे के कारण लोग अंतिम संस्कार भी नहीं कर पा रहे है। मजबूरन गांव के लोगों को सड़क पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। कब्जा करने का आरोप सरकारी विभाग पर है। श्मशान की कुछ भूमि पर वीटा प्लांट का कब्जा करने का आरोप है तो कुछ भूमि में अवैध रास्ता बनाने और बाकि पर अरावली का कब्जा बताया है । ग्रामीणों ने कब्जा खाली कराने के लिए जिला उपायुक्त को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

### दो कनाल जमीन श्मशान भूमि के लिए दी गई

लोगों ने बताया कि गांव में हिंदू समाज को चकबंदी के समय पहाड़ के नजदीक करीब 2 कनाल जमीन श्मशान भूमि के लिए दी गई थी। लोगों ने एकजुट होकर अपने तौर पर जमीन को कागजों में तलाश किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब तहसील कार्यालय के रिकॉर्ड में देखा तो कागजों में उनकी 2 कनाल जमीन श्मशान घाट के लिए चकबंदी के दौरान मिली हुई है । लेकिन श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा हो रहा है । ग्रामीणों ने बताया की कई बार लोगों ने शिकायत की है, लेकिन कब्जा नहीं हटा



नूंह। स्कूल जाने वाले सड़क पर बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करते ग्रामीण।

- सड़क पर संस्कार करने की सूचना पर पहुंचे एसएचओ ने ग्रामीणों को धमकाया, कार्रवाई की चेतावनी
- ग्रामीणों से बोले- बीडीपीओ के पास जाओ, वह समस्या का समाधान करेंगे

### ग्रामीणों की चेतावनी : दस दिन में श्मशान भूमि खाली नहीं हुई तो हम रास्ते काट देंगे, प्रदर्शन करेंगे

ग्रामीण का कहना है कि ये रास्ता अवैध बनाया हुआ है, यह जमीन श्मशान भूमि की है, जो हमें चकबंदी के दौरान मिली थी। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज नाराज होकर हमने रास्ते पर शव का अंतिम संस्कार किया है। अंतिम संस्कार के बाद लोगों ने रास्ते को काटने का भी मन बनाया, लेकिन वहां पर पिनगवां एसएचओ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों पर ही गरम हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि एसएचओ ने कहा कि अगर मुझे शिकायत मिली तो मैं कार्रवाई करूंगा। एसएचओ सुभाष ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग बीडीपीओ के पास जाएं, वहां से आप लोगों को श्मशान के दूसरी जगह भूमि उपलब्ध कराएंगे। ये रास्ता स्कूल के लिए जाता है, जहां पर सभी के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। अगर इस रास्ते को काटा गया तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी, ऐसा हरगिज नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोग कानून के हिसाब से काम करें। हम आपके साथ हैं । वही ग्रामीणों ने मीडिया से बातचीत के दौरान चेतावनी दी है कि अगर दस दिन के अंदर श्मशान भूमि खाली नहीं कराई तो हम रास्ते को काट देंगे और प्रदर्शन करेंगे ।

---

**मुख्यमंत्री ने आईएसबीटीआई 50वें सम्मेलन 'स्वर्ण जयंती ट्रांसकॉन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया**

# प्रदेश में 149 ब्लड सेंटर, 3.30 लाख यूनिट एकत्रित करने का लक्ष्य

**सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में प्रयासरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने, स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और ब्लड बैंक सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि हरियाणा में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं का उच्चतम मानक बना रहे और प्रत्येक नागरिक को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनो हेमेटोलॉजी (आईएसबीटीआई) के 50वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, 'स्वर्ण जयंती ट्रांसकॉन 2025' के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हरियाणा में कुल 149 ब्लड सेंटर कार्यरत हैं जिनके माध्यम से इस वर्ष 3 लाख 30 हजार यूनिट्स ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों के तहत अब तक 2 लाख 22 हजार 433 यूनिट ब्लड एकत्रित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सैनिकों, किसानों और युवाओं की भूमि है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रदेश ने आज वह मुकाम हासिल कर लिया है, जहाँ हरियाणा एक ओर औद्योगिक पहचान के रूप में देशभर में अग्रणी है तो दूसरी ओर स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में भी अब हरियाणा अपनी अलग पहचान बना रहा है।




### 2029 तक एमबीबीएस 3400 सीटें करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि जहाँ पहले 30 बेड के अस्पताल हुआ करते थे, वहां अब 100 बेड की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार 100 बेड वाले अस्पतालों को 200 बेड और 200 बेड वाले अस्पतालों को 400 बेड तक विस्तार दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धरातल पर गंभीरता से कार्य कर रही है ताकि प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जहाँ हरियाणा में प्रतिवर्ष केवल 700 डॉक्टर ही तैयार होते थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 2600 प्रति वर्ष हो गई है। सरकार का लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर वर्ष 2029 तक 3400 सीटें प्रतिवर्ष तक पहुँचाने का है। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को बेहतर अवसर मिलें और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयां प्राप्त हों।

### फिट इंडिया-हिट इंडिया पर जोर

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया नारे का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हरियाणा इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा तो प्रदेश की विकास गति भी तीव्र होगी। सीएम ने कहा कि सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

### सामुदायिक सहभागिता मजबूत करें पुलिस

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज राज्य भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन संपर्क प्रयासों को तेज करें तथा नागरिक शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावी कानून प्रवर्तन की नींव जनता के विश्वास पर टिकी है। उन्होंने कहा कि कमिश्नर से लेकर डीएसपी तक, हर पुलिस अधिकारी को नागरिकों की चिंताओं से गहराई से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों, युवाओं और स्थानीय समुदायों के साथ अधिक संपर्क से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियों जैसे मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। सामुदायिक उपस्थिति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के साथ खुला संवाद बनाए रखना और उनकी समस्याओं को सक्रियता से सुनना पुलिस कर्मियों की मुख्य जिम्मेदारी है। उप्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने पुलिस आयुक्तों, महानिरीक्षकों, डीसीपी, पुलिस अधीक्षकों और सहायक आयुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

---

**एमएसपी, खाद और मुआवजे के लिए तरस रहे किसान**

# मंडियों में धान, बाजारा और कपास के किसानों से हो रही लूट : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने फिर किसानों के साथ योजनाबद्ध लूट शुरू कर दी है। मंडियों में धान, बाजारा और



कपास की आवक शुरू हो गई है। लेकिन सरकारी खरीद नहीं होने के चलते किसानों को एमएसपी से 300-400 कम रेट पर धान, 800-1000 कम रेट पर बाजरा और करीब 2000 कम रेट पर अपनी कपास बेचनी पड़ रही है। बाढ़ की मार के बाद अब किसान सरकार की मार झेलने को मजबूर हैं। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि खरीद से लेकर मुआवजा और खाद देने तक, हर काम में बीजेपी जानबूझकर देरी करती है। किसान कई दिन से बाढ़ और जलभराव से पीड़ित है और सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। अब तक 5 लाख से ज्यादा किसानों ने 31 लाख एकड़ भूमि पर खराबे की शिकायत करी है। लेकिन सरकार द्वारा गिरदावरी और वेरिफिकेशन का काम कछुए की रफ्तार से किया जा रहा है। 31 लाख एकड़ में से अब तक सिर्फ 3 लाख एकड़ का ही वेरिफिकेशन हो पाया है।

### किसानों को प्रति एकड़ पचास हजार मुआवजा मिले : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने गत दिनों हिसार-ड्रेन से लगते गांवों का दौरा कर खेतों में भरे पानी और किसानों की तबाही का हाल खुद देखा। हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए



उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक पत्र लिखकर स्थायी समाधान की मांग की है। साथ ही सांसद ने मांग की है कि किसानों को कम से कम प्रति एकड़ 50,000 का मुआवजा दिया जाए।

सांसद सैलजा ने कहा है कि हिसार घग्घर ड्रेन टूटने और भारी बारिश के कारण हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में हजारों एकड़ फसलें (मुख्य रूप से धान, कपास और बाजरा) बर्बाद हो गई हैं, कई ढाणियां खाली करानी पड़ी हैं, और कुछ स्थानों पर घरों को भी नुकसान हुआ है। किसानों को वित्तीय नुकसान हो रहा है।

### सरकार उत्सवबाजी में व्यस्त, किसान बाढ़ से त्रस्त : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** प्रदेश में बाढ़ और फसलों की बर्बादी से जूझ रहे किसानों और खेत मजदूरों की अनदेखी पर कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री



नायब सैनी तथा भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ और जल प्रबंधन में सरकार की घोर नाकामी व निकम्मेपन के कारण 30 लाख एकड़ से अधिक फसल बर्बाद हो चुकी है लेकिन, किसानों - खेत मजदूरों के लिए मदद का हाथ बढ़ाने की बजाय प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्सवबाजी का आनंद लेते घूम रहे हैं। प्रदेश के आधे जिले बाढग्रस्त हैं और शेष जिलों में सरकार तथा प्रशासन के नाकारापन के कारण जल निकासी नहीं हो पाने के चलते हजारों एकड़ में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

---

**उचाना मतगणना मामला**

### पूर्व सांसद को 23 को पेश होने का आदेश

**चंडीगढ़।** जींद जिले की उचाना विधानसभा सीट पर मात्र 32 मतों के अंतर से चुनाव हारे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह को हाई कोर्ट ने अपने बयान दर्ज कराने के लिए 23 सितंबर को पेश होने के आदेश दिए हैं। बृजेंद्र सिंह हिसार से सांसद रह चुके हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं। उन्होंने आइएएस की नौकरी छोड़कर भाजपा के टिकट पर हिसार से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता, लेकिन बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। हाई कोर्ट में बृजेंद्र सिंह ने रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अमान्य घोषित किए गए 215 डाक मतों की दोबारा गिनती कराने संबंधी याचिका दायर कर रखी है। उचाना से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते विधायक देवेंद्र अत्री ने बृजेंद्र सिंह की याचिका को खारिज करने के लिए हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसे हाई कोर्ट बृहस्पतिवार को अस्वीकार कर चुका है। उचाना से पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी जजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

**अनुशासन सर्वोपरि : हाईकोर्ट**

### नशे में मिले पुलिसकर्मी पर कोई रहम नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाए गए पुलिसकर्मी को किसी भी प्रकार की नरमी नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि वर्दीधारी बलों में अनुशासन सर्वोपरि है और ऐसा आचरण गंभीर दुराचार की श्रेणी में आता है, जो न केवल असंगत है, बल्कि सार्वजनिक शांति और कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी की खंडपीठ ने सात साल पुराने मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि संबंधित कांस्टेबल पर दो वेतन वृद्धियों की रोक (संचयी प्रभाव सहित) की सजा न तो कठोर है और न ही अनुपातहीन। पीठ ने टिप्पणी की, जब यह तथ्य स्वीकार है कि याचिकाकर्ता पुलिसकर्मी है, जिसकी जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। साल 2018 में दायर याचिका में कांस्टेबल ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) चंडीगढ़ द्वारा चार अक्टूबर 2017 को दिए गए आदेश को चुनौती दी थी।

**पूर्व मंत्री को नहीं मिली राहत**

### चौधरी व उनके परिवार पर चलेगा धोखाधड़ी का केस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व मंत्री और दो बार विधायक रहे सुभाष चौधरी, उनकी पत्नी, भाई तथा राजनीतिक सलाहकार समेत अन्यों पर दर्ज हाई-प्रोफाइल लोन फ्राड मामले की आपराधिक कार्रवाई को रद करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने पूर्व मंत्री के राजनीतिक सलाहकार दीप चंद की याचिका खारिज करते हुए दिए। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि उसने यमुनानगर सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक से लिया गया ऋण चुका दिया है, इसलिए उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद की जाए। सुभाष चौधरी फिलहाल कांग्रेस की राजनीति करते हैं। यमुनानगर जिले की जगाधरी विधानसभा सीट से विधायक रह चुके सुभाष चौधरी हरियाणा विकास पार्टी (हविपा) की सरकार में मंत्री रहे हैं। 15 अक्टूबर 2018 को थाना बुड़िया (जिला यमुनानगर) में धारा 406, 409, 420, 467, 468, 471, 120-बी आइपीसी के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों में एफआइआर दर्ज की गई थी।

**हाईकोर्ट परिसर में हिंसा मामला**

### चीफ जस्टिस ने लिया मामले में स्वतः संज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन के सचिव द्वारा लिखे गए पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें न्यायालय परिसर के भीतर बार सदस्यों पर हिंसक हमला भड़काने की आरोपी वकील की गिरफ्तारी की मांग की गई है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि एडवोकेट रवनीत कौर ने एडवोकेट सिमरनजीत सिंह ब्लासी को 17 सितंबर को बार सदस्यों पर हमला करने के लिए उकसाया था। उन्होंने हाईकोर्ट परिसर में तलवार भी लहराई थी। आरोप लगाया गया है कि कौर ने सचिव के खिलाफ सोशल मीडिया पर यौन रूप से स्पष्ट और अपमानजनक सामग्री पोस्ट की, जिसके कारण न्यायालय को स्वतः कार्रवाई शुरू करनी पड़ी।सुनवाई के दौरान यू.टी के वरिष्ठ स्थायी वकील अमित झांजी ने अदालत को बताया कि ब्लासी के कहने पर एक डीडीआर दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 100 अज्ञात वकीलों की भीड़ ने उन पर हमला किया। एचसीबीए के अध्यक्ष ने आशंका जताई कि वे डी.डी.आर में वकीलों के नाम जोड़ते रहेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक** पुत्र सूरजभान निवासी मकान संख्या 1452, न्यू विजय नगर, रोहतक, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 53/2025 धारा 420/34, भा.द.स., बुद्ध विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 53/2025 धारा 420/34, भा.द.स., बुद्ध विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.11.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री दिव्या अरोड़ा,**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, (उत्तर–पश्चिम),**
**कमरा नं. 112, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/12576/RD/2025

---

**ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा एक्स हैंडल से मिनिस्टर शब्द हटाए जाने पर सियासत तेज**

# सैलजा और अभय का तंज, बोले- मंत्री पद का मोह नहीं छोड़ पा रहे विज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता और नायब सैनी सरकार के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज द्वारा एक्स हैंडल अपने नाम के साथ मंत्री हटा दिए जाने को लेकर शुक्रवार को भी सियासत जारी रही। इनेलो सुप्रीमो और वरिष्ठ नेता अभय चौटाला ने चुटकी ली व कहा कि विज साहब को बार बार अपमानित होना पड़ता है इसलिए वे इस तरह से अपने गुस्से का इजहार करते हैं। उन्हें मंत्री पद का लालच हो गया है। अभय चौटाला ने कहा कि विज साहब न तो सत्ता छोड़ना चाहते हैं क्योंकि मंत्री पद व सत्ता का लोभ हो गया है। अभय चौटाला यहीं पर नहीं थमे और कहा कि विज पहले भी इस तरह के नाटक गुस्से में कर चुके हैं।

### भाजपा गुटबाजी का शिकार : सैलजा

सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने विज द्वारा अपने एक्स हैंडल से मंत्री पद हटाने पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि इस सरकार में मंत्री, विधायक कोई भी खुश नहीं है। सैलजा ने कहा कि मीडिया कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर हमेशा ही सवाल करता है जबकि भाजपा के अंदर गुटबाजी व खींचतान की बात उठाई साथ ही कहा कि अब भाजपा की गुटबाजी पर जाकर सवाल पूछो। हमेशा कांग्रेस को ही नहीं बल्कि अब आप भाजपा में देखो क्या हो रहा है

### मनोहर लाल व नायब सिंह से मिले विज

गुरुवार रात मंत्री अनिल विज चंडीगढ़ हरियाणा निवास में केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे थे। इस दौरान वही हुआ-दिल मिले ना मिले हाथ मिलाते रहिये...। इस मुलाकात के बाद में नेताओं को भी इस बात की भनक थी कि खबरें चलेंगी लेकिन मुलाकात हुई और फोटो भी हुई मगर किसी भी तरह से नाराजगी को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। यहां पर बता दें कि अनिल विज ने मीडिया के पूछे जाने पर साफ किया है कि मंत्री पद छोड़ने की बातें 'बेमतलब की चर्चा' है। विज ने साफ किया है कि मेरे कंटेंट से ही लोग मेरे फालोवर्स बनें।" कोई भी टैग लगाए बगैर अकाउंट चलाना चाहता हूं। यहां पर उल्लेखनीय है कि राज्य की नायब सैनी सरकार में ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने एक्स हैंडल ( ट्विटर) से मिनिस्टर शब्द हटा दिया है। विज की पार्टी से नाराजगी को लेकर सियासी चर्चाएं चल रहीं हैं, इसको लेकर तरह तरह से अर्थ निकाले जा रहे हैं। विज की नाराजगी के पीछे अंबाला में समांतर भाजपा चलाने वाले कुछ लोगों द्वारा पार्टी विरोधी काम करने के बावजूद उन पर कोई कार्रवाई नहीं होने को कारण मानकर चला जा रहा है। विज ने गत सप्ताह अपने एक्स पर टिप्पणी करते हुए जनता से राय जानी थी, क्योंकि उन्होंने समांतर भाजपा चलाने व कुछ लोगों का उनके सिर पर हाथ होने की बात लिखी थी।

**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)**
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

**भर्ती अधिसूचना**

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ESSE)–2025**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) द्वारा देशभर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRSs) में शैक्षिक एवं गैर–शैक्षिक पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों का विवरण इस प्रकार हैः–

प्रधानाचार्य (225), स्नातकोत्तर शिक्षक (PGTs) (1460), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGTs) (3962), महिला स्टाफ नर्स (550), छात्रावास वार्डन (पुरुष/महिला) (635), लेखाकार (61), कनिष्ठ सचिवालय सहायक (JSA) (228), प्रयोगशाला परिचर (146)।

ESSE-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य पात्रता मानदंड से संबंधित विस्तृत जानकारी सूचना बुलेटिन में उपलब्ध है, जिसे "www.nests.tribal.gov.in" से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23/10/2025 (रात्रि 23:50 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी अपडेट के लिए "www.nests.tribal.gov.in" पर अवलोकन करें।

जारीकर्ताः NESTS

## खबर संक्षेप

### हकेंवि में निःशुल्क कोचिंग के लिए 21 तक आवेदन


**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में स्थापित डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनुसूचित जाति (एससी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों अभ्यर्थियों को निःशुल्क यूपीएससी-एचसीएस सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग उपलब्ध कराता है।

**डूसू में प्रधान बने आर्यन मान के गांव सिद्दीपुर लोवा से लेकर बहादुरगढ़ शहर तक चला जश्न का दौर, भिवानी में भी जमकर झूमे युवा**

# डूसू के चुनाव में हरियाणा के युवाओं का दबदबा

**हरियाणा ने डूसू को 7वां अध्यक्ष दिया, आर्यन मान को 28 हजार 841 वोट मिले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** आर्यन मान एवं डूसू चुनावों में आर्यन मान की जीत का जश्न मनाते रवि खत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर बहादुरगढ़ निवासी एबीवीपी के प्रत्याशी आर्यन मान को 28 हजार 841 वोट मिले। जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वि एनएसयूआई की जोशिलन नंदिता चौधरी को 12 हजार 645 वोटों से संतोष करना पड़ा। आर्यन की जीत के बाद उनके पैतृक गांव सिद्दीपुर लोवा के साथ ही शहर में भी कई जगह ढोल की थाप पर समर्थक नाचे और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। बता दें कि करीब 23 वर्षीय आर्यन मान हंसराज कॉलेज से बीकॉम करने के बाद पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्र राजनीति करने के साथ ही वे राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉलर भी हैं। उनके पिता सिकंदर मान गांव सिद्दीपुर लोवा के सरपंच रहे हैं। जबकि ताऊ अशोक मान लोवा सतरह के प्रधान हैं।

### छात्र हितों की आवाज बुलंद करेंगे आर्यन

उनके दूसरे ताऊ दलबीर मान व्यवसायी हैं। शुक्रवार को उनकी जीत के बाद आर्यन मान के घर पर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर ढोल बजवाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गांव के बेटे को जीत की बधाई दी। पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, जगदीश ऐलाबादी, अजीत गुलिया, पप्पू दलाल, नरेश पंडित, लक्की दुआ, जयकिशन पंडित, जोगेंद्र पहलवान, माल्हड़ पहलवान, सोनू प्रधान, सुभाष पंडित, बलवान, कंवर सिंह, ईश्वर पंडित, रामफल, राजेंद्र, विजय, राजकुमार, सुखदेव सिंह व राजेश आदि ने शहर के लाल चौक पर मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि इस शानदार शुरुआत के साथ आर्यन का राजनीति में भविष्य उज्ज्वल है। साथ ही उम्मीद जताई कि आर्यन दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्र हितों की आवाज बुलंद करेंगे और उनकी सुविधा-सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## प्रियंका मिरांडा हाउस कॉलेज की अध्यक्ष तो भारती डीआरसी कॉलेज में बनीं उपाध्यक्ष

**भिवानी।** शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हरियाणा की बेटियां अब छात्र राजनीति में भी अपना परचम लहरा रही हैं। इसी कड़ी में भिवानी जिले के गांव धनाना की दो सगी बहनों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज चुनावों में बड़ी जीत हासिल कर अपने जिले और परिवार का नाम रोशन किया है। मूल रूप से गांव धनाना के निवासी बलदेव राज की बड़ी बेटी प्रियंका घणघस दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित मिरांडा हाउस कॉलेज की अध्यक्ष चुनी गई हैं, जबकि उनकी छोटी बहन भारती घणघस ने डीआरसी कॉलेज में उपाध्यक्ष का पद हासिल किया है। इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। घणघस खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता नफे सिंह ने उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ये हमारे लिए गर्व का क्षण है। भिवानी की बेटियों ने न केवल खेल व शिक्षा, बल्कि छात्र राजनीति में भी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है। प्रियंका और भारती की जीत अन्य लड़कियों को भी राजनीति और सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करेगी। नफे सिंह ने यह भी जानकारी दी कि आने वाले समय में इन दोनों बेटियों का उनके पैतृक गांव धनाना में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।


प्रियंका


भारती

**बवाल : निगम में संविदा सफाई कर्मचारियों का आंदोलन हुआ हिंसक**

# नगर निगम अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

### महंगा पड़ा प्रदर्शन रोकने का परिणाम

- जान बचाकर पीडब्ल्यूडी दफ्तार में घुसा अधिकारी, वहां पर भी पीटा, चौकीदार को भी नहीं छोड़ा
- टूट गया दरवाजा, निगम और पीडब्ल्यूडी कार्यालयों में मच गई अफरातफरी
- पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम में संविदा सफाई कर्मचारियों का आंदोलन शुक्रवार को बेकाबू हो गया। निगम गेट पर दो दिन से जारी धरना उस समय हिंसक हो उठा जब अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की। आक्रोशित कर्मचारियों ने निगम अधिकारियों का पीछा कर पीटा और जान बचाकर पीडब्ल्यूडी दफ्तर में घुसे एक अधिकारी तक को नहीं छोड़ा। वहां गेट पर तैनात चौकीदार को भी मारा-पीटा गया और दरवाजे का शीशा तोड़ दिया गया। हालात बिगड़ने से निगम व पीडब्ल्यूडी दफ्तरों में अफरातफरी मच गई। सुबह 7 बजे से निगम गेट पर सफाई कर्मचारी शांतिपूर्ण धरने पर बैठे थे। करीब 9:30 बजे मुख्य सफाई निरीक्षक, अन्य अधिकारी और ठेकेदार पहुंचे तो विवाद भड़क उठा।


**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सिविल लाइन थाने में तीन अलग अलग शिकायतें दर्ज

घटनाक्रम के बाद सिविल लाइन थाने में तीन अलग-अलग शिकायतें दर्ज हुई हैं। पीडब्ल्यूडी दफ्तर ने संपत्ति नुकसान व चौकीदार से मारपीट, नगर निगम अधिकारियों ने कर्मचारियों पर हमला और कर्मचारियों ने अधिकारियों पर महिलाओं से अभद्रता करने की शिकायत दी है। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि नई ठेका व्यवस्था के तहत रात में निरीक्षण में कई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए थे, जिन पर कार्रवाई हुई। इसी से विवाद भड़का। थाना प्रभारी उमेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने तीनों शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी।

### यूनियन प्रधान ने कर्मचारियों से बदतमीजी का आरोप लगाया

यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने आरोप लगाया कि अधिकारियों और ठेकेदारों ने महिला कर्मचारियों से बदतमीजी की और जातिसूचक शब्द कहे। इससे गुस्साए प्रदर्शनकारी आपा खो बैठे और अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मारपीट के बाद एक अधिकारी भागकर पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में घुसा। मगर प्रदर्शनकारी वहां भी पहुंच गए। दरवाजा बंद करने की कोशिश कर रहे चौकीदार निशांत की पिटाई की गई और गेट का शीशा तोड़ दिया गया। घायल चौकीदार को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### इस लिए चल रहा है धरना

संविदा सफाई कर्मियों का कहना है कि 8 सितम्बर को मांगों को लेकर अंबाला तक पैदल यात्रा कर सीएम के ओएसडी भारत भूषण से मिले थे। तब उन्हें ठेका खत्म कर पैरोल पर रखने का आश्वासन मिला, लेकिन 15 सितम्बर से नया ठेका लागू कर दिया गया। 800 कर्मचारियों में से केवल 650 को रखने की बात कही गई है। इसी के विरोध में धरना चल रहा है।

### पीडब्ल्यूडी में तोड़फोड़ से दफ्तर का कामकाज ठप

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि कार्यालय में लगे दरवाजे के शीशे तोड़ दिए। विभागीय संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। महिला कर्मचारी भी सहम गईं और भय के कारण कामकाज पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

### चौकीदार भी घायल, अस्पताल में भर्ती कराया

हंगामे में चौकीदार निशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका मेडिकल परीक्षण चल रहा है। घटना से कार्यालय में दहशत फैल गई और कर्मचारी काम छोड़कर बाहर निकल आए।

**पड़ोसी ने आरोपी दंपति को बेचा, बिहार ले जाने की फिराक में थे**

# पंजाब से बच्चे का अपहरण कर ला रहे दपंति सिरसा में धर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने पंजाब से एक बच्चे का अपहरण कर ला रहे एक दंपती को सिरसा में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किडनैप किए गए बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया है। डीएसपी सिरसा अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में इसका खुलासा किया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने पंजाब पुलिस की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बस सवार एक दंपति को सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पंजाब के खन्ना से एक बच्चे को अगवा कर बस के जरिये कहीं और ले जा रहे थे जो कि आगे किसी को बेचना था, जिसकी उम्र करीब तीन साल है। पंजाब के माछीवाड़ा थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी तहरकाना में बीते गुरुवार को बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी ने बच्चे को लालच देकर उठा लिया। इसके बाद बच्चे को बिहार के एक दंपति को बेच दिया।


**सिरसा।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**हिसार की अदालत ने गांवों की बेटियों को दी बड़ी राहत**

# अब निजी बस में भी स्टूडेंट पास मान्य

**हिसार।** लड़कियों के लिए स्कूल व कॉलेज जाने के लिए निशुल्क बस पास की हरियाणा सरकार की योजना को नकारने के आरोप में दायर याचिका पर हिसार की अदालत ने निजी बस संचालकों को ऐसा न करने के आदेश दिए हैं। सिविल सज जूनियर डिविजन सुखवीर कौर की अदालत ने इस मामले में 9 अक्टूबर को जवाब भी तलब किया है। एडवोकेट ओम नारायण कौशिक ने बताया कि शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों के अधिवक्ता ने कहा कि आरटीए (रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटी) द्वारा इस बारे में गत 25 अगस्त को जारी सर्कुलर को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। इस पर अदालत के पूछने पर बताया गया कि अदालत ने उनकी याचिका पर कोई स्थगन आदेश जारी नहीं किया है। इसके बाद अदालत ने छात्राओं के पक्ष में अंतरिम आदेश जारी करते हुए निजी बस संचालकों को निर्देश दिया कि आरटीए के सर्कुलर के तहत छात्राओं के बस पास मान्य करें और उनको नाजायज परेशान ना किया जाए।



# अवैध रूप से किराये के मकान में चल रहे नशामुक्ति केंद्र का भंडाफोड़, दो धरे

**45 नशा पीड़ितों को छुड़वाया, छोड़ने की एवज में ले रहे थे मोटी रकम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने शहर में अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केंद्र से 45 नशा पीड़ितों का रेस्क्यू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं और डबवाली में अवैध तरीके से नशा मुक्ति केंद्र कर मोटी रकम ऐंठ रहे थे। शहर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि कमलकांत निवासी गांव डबवाली का एक आवासीय मकान वार्ड कबीर बस्ती डबवाली में स्थित है।

यह मकान कमलकांत से हरदीप सिंह व इकबाल सिंह द्वारा किराये पर लिया गया है और वहां उनके द्वारा फर्जी तौर पर बिना अनुमति के एकनूर नशा मुक्ति केंद्र के नाम से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा था। फर्जी नशा मुक्ति केंद्र में हरियाणा व पंजाब से लगभग 40-45 नशा पीड़ित व्यक्तियों को गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाकर रखा गया था। नशे से पीड़ित व्यक्तियों व उनके परिजनों से नशा छुड़ाने के नाम पर मोटी रकम ली जा रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### जिला जेल से मिले तीन पैन ड्राइव व 3.81 ग्राम सुल्फा

**यमुनानगर।** जिला जेल में तलाशी के दौरान तीन पैनड्राइव व 3.81 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला जेल के उप अधीक्षक वरूण कुमार ने बताया कि 15 सितंबर को जेल में गार्द से तलाशी करवाई गई। इस दौरान जब गार्द ने बाडे में लगे नल के पास तलाशी ली तो उसके पास से तीन पैनड्राइव व 3.81 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। पता नहीं चल पैनड्राइव व सुल्फा को कौन यूज कर रहा था।

**नई शर्तों से खनन, रियल एस्टेट और अवैध कब्जों को मिलेगा बढ़ावा**

# ...तो वन की परिभाषा से बाहर हो जाएगा बड़ा हरा-भरा क्षेत्र

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा सरकार ने वन के शब्दकोशीय अर्थ को परिभाषित करते हुए 18 अगस्त को एक गजट अधिसूचना जारी की है। राज्य सरकार की नई परिभाषा से छोटे-बड़े वन का अधिकांश हिस्सा कानूनी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगा। इसे लेकर पर्यावरण कार्यकर्ताओं और वन विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के 1996 के टीएन गोदावर्मन मामले में जंगलों की व्यापक परिभाषा को अपनाने का आदेश दिया गया था।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 1996 में टीएन गोदावर्मन केस में फैसला सुनाया था कि जंगल शब्द को डिक्शनरी के अर्थ के आधार पर समझा जाना चाहिए। अर्थात पेड़ों से घनी तरह से ढका हुआ बड़ा क्षेत्र वन कहलाता है। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार जंगल चाहे सरकारी हों, निजी हों या गैर-अधिसूचित हों, सभी को वन संरक्षण अधिनियम-1980 के तहत संरक्षित किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी 2024 को एक बार फिर सभी राज्यों को इस व्यापक परिभाषा का पालन करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 4 मार्च 2025 के आदेश में कहा था कि जंगलों की पहचान 2011 के लफार्ज आदेश के अनुसार भू-संदर्भित (जियो-रेफरेंस्ड) होनी चाहिए, जिसमें जंगल की सीमाओं, वन्यजीव गलियारों और पहले से हटाए गए जंगल क्षेत्रों का विवरण होना चाहिए। बता दें कि अरावली पर्वत श्रृंखला गुजरात से हरियाणा तक 670 किमी तक फैली है। यह क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्राकृतिक ढाल है। हरियाणा में अरावली के लगभग दो-तिहाई हिस्से को पंजाब लैंड प्रिजर्वेशन एक्ट-1900 के तहत संरक्षित किया गया है। हरियाणा भारत का न्यूनतम वनावरण वाला राज्य है, जिसके केवल 3.62 फीसद क्षेत्र वन के रूप में अधिसूचित हैं। वर्ष 2023 में संशोधित हुए वन संरक्षण अधिनियम ने गैर-अधिसूचित और डीम्ड फॉरेस्ट को कानूनी संरक्षण से बाहर कर दिया था।


**बहादुरगढ़।** नई परिभाषा से प्रभावित होंगे ऐसे हरे-भरे संरक्षित क्षेत्र।

**परिभाषा अत्यधिक संकीर्ण-वजीर सिंह दहिया:** क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के संयोजक वजीर सिंह दहिया के अनुसार यह परिभाषा अत्यधिक संकीर्ण है और इससे अरावली जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगे।

**40% कैनोपी डेंसिटी का मानदंड अरावली क्षेत्र के लिए अव्यवहारिक :** क्लीन एंड सेवानिवृत्त वन मंडल अधिकारी सतबीर सिंह के अनुसार 40 प्रतिशत कैनोपी डेंसिटी का मानदंड अरावली क्षेत्र के लिए अव्यवहारिक है। यहां कम बारिश और पथरीली जमीन के कारण पेड़ छोटे और कांटेदार होते हैं। झज्जर जिले में भिंडावास व खापरवास जैसे वन्यजीव अभयारण्य भी इस मानदंड को पूरा नहीं कर पाएंगे। यहां कम से कम 10 प्रतिशत कैनोपी डेंसिटी को जंगल माना जाना चाहिए।

**कई छोटे व कम घनत्व वाले क्षेत्र वन की परिभाषा से बाहर हो जाएंगे:** हरियाली को समर्पित वजीर राठी ने बताया कि पुरानी परिभाषा में प्राकृतिक रूप से वृक्ष एवं वनस्पति वाले हर क्षेत्र को वन माना जाता था। इसमें निजी भूमि पर मौजूद जंगल भी शामिल थे। जबकि नई परिभाषा में क्षेत्रफल और घनत्व की न्यूनतम शर्तें रखने से कई छोटे व कम घनत्व वाले क्षेत्र वन की परिभाषा से बाहर हो जाएंगे।

NPS TRUST
UPS Unified Pension Scheme
केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए
अपने रिटायरमेंट को सुरक्षित करें
यूपीएस चुनें
— अंतिम तिथि —
सितम्बर 30
केंद्र सरकार के वे कर्मचारी जो 01.04.2025 या उसके बाद और 31.08.2025 तक सेवा में शामिल हुए हैं तथा एनपीएस का विकल्प चुना है, वह यूपीएस में माइग्रेट कर सकते हैं।
एक बार एक तरफा यूपीएस से एनपीएस में वापसी करने का विकल्प उपलब्ध।
यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) आपके सेवानिवृत्ति को और सुरक्षित व लाभकारी बनाती है
सुनिश्चित भुगतान 50% पिछले 12 महीनों के औसत मूल वेतन का
महंगाई राहत
न्यूनतम गारंटीड भुगतान ₹10,000
एकमुश्त भुगतान
निकासी कॉर्पस का 60% तक
आयकर लाभ यूपीएस में उपलब्ध
ऑनलाइन आवेदन करने के लिए: npscra.nsdl.co.in/ups.php#RUSU
व्यक्तिगत रूप से आवेदन करने के लिए, फॉर्म डाउनलोड करें: npscra.nsdl.co.in/ups.php#5
यूपीएस केलक्यूलेटर https://npstrust.org.in/ups-calculator
अधिक जानकारी के लिए यूपीएस हेल्पडेस्क (टोल–फ्री) पर संपर्क करें: 18005712930
यूपीएस की अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
NPS Trust NPS Trust NPS Trust NPS Trust



## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 88.11 पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 88.11 पर बंद हुआ। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के चलते रुपये में तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को अस्थिरता को नियंत्रित करने और तेज मूल्यह्रास को रोकने में मदद मिली।

### सीईएससी कर रही 5,000 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** सीईएससी ग्रीन पावर लि. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 5,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रक्रिया में है। इसमें 3,000 मेगावाट क्षमता का सौर सेल/मॉड्यूल संयंत्र लगाना शामिल है। सीईएससी ग्रीन पावर आरपी-संजीव गोयनका समूह की सीईएससी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### टेक्समैको को मिला अल्ट्राटेक सीमेंट से वैगन का ऑर्डर




**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से विशेष मालवाहक वैगनों और ब्रेक वैन की आपूर्ति के लिए 86.85 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एडवेंट्ज़ समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि ये वैगन अल्ट्राटेक के मध्य प्रदेश स्थित मैहर और सरलानगर संयंत्रों के लिए होंगे।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा खास राजकोषीय बोझ : क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा।

रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है।

### सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी

जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी।

### कर वसूली में मजबूती मिलेगी

क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75 प्रतिशत जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था।




- सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपए के शुद्ध नुकसान का अनुमान
- वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रहा

*स्लैब घटाने से राजस्व को नुकसान नहीं : रिपोर्ट के मुताबिक, 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा। वहीं, मोबाइल शुल्क जैसी तेजी से बढ़ती सेवाओं पर दरें पहले की ही तरह हैं। वहीं, ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को जीएसटी दायरे में शामिल कर 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है।*

### उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी

*क्रिसिल ने कहा कि कर में कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी, जिससे मांग और जीएसटी संग्रह दोनों को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक कर में बदलाव का लाभ उपभोक्ताओं को किस हद तक पहुंचाते हैं।*

### जीएसटी में कटौती से कम होगा कर बोझ : फिक्की

*सरकार के 'जीएसटी 2.0' की घोषणा से परिवारों पर कर का बोझ कम होगा, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) मजबूत होंगे और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को गति मिलेगी। उद्योग निकाय फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि इन सुधारों के साथ भारत एकल कर व्यवस्था के और करीब आएगा।*

### पांच फीसदी कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी तिगुनी होगी

*फिक्की की तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के विरुद्ध काम करने वाली समिति (कैस्केड) ने एक रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी में इस बदलाव से पांच प्रतिशत कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग तिगुनी हो जाएगी। इस स्लैब वाली श्रेणियों की संख्या 'जीएसटी 2.0' में 54 से बढ़कर 149 हो जाएगी। इसमें कहा गया कि ग्रामीण परिवारों के लिए जिन उत्पादों को छूट प्राप्त है, उनकी हिस्सेदारी 56.3 प्रतिशत से बढ़कर 73.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।*

### शहरी परिवारों की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*शहरी परिवारों के लिए यह हिस्सेदारी 50.5 प्रतिशत से बढ़कर 66.2 प्रतिशत होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके चलते ग्रामीण परिवारों के लिए प्रभावी जीएसटी दर 6.03 प्रतिशत से घटकर 4.27 प्रतिशत हो गई है। शहरी परिवारों के लिए यह 6.38 प्रतिशत से घटकर 4.38 प्रतिशत हो गई है*

## मार्केट न्यूज़

### अभिनेत्री दिविता जुनेजा की मासूमियत ने जीता दर्शकों का दिल, फिल्म हीर एक्सप्रेस का एक हफ़्ते में वर्ल्डवाइड कलेक्शन पहुँचा ₹5.34 करोड़




**मुंबई।** दिविता जुनेजा अभिनीत फिल्म हीर एक्सप्रेस ने रिलीज़ के पहले हफ़्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। वर्ल्डवाइड स्तर पर फिल्म की कमाई 5.34 करोड़ तक पहुँच चुकी है। लंबे समय बाद कोई ऐसी फिल्म आई है, जिसे पूरा परिवार इकट्ठे साथ बैठकर देख रहा है। हर उम्र के लोग चाहे वो बच्चे हैं या पेरेंटस या फिर दादा-दादी, सभी इक्ट्ठे सिनेमा आ रहे हैं। दर्शकों का कहना है कि आजकल इतनी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं। फिल्म की नायिका दिविता जुनेजा, जो इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, पूरे हफ़्ते चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। दिविता ने अपनी मासूमियत, आत्मविश्वास से हर दिल में जगह बना ली है। समीक्षकों का मानना है कि यह बॉलीवुड का सबसे स्ट्रांग डेब्यू है। सिनेमाघरों में नज़ारा बेहद खास है। लंबे समय बाद ऐसा हो रहा है जब बच्चे, माता-पिता और दादा-दादी—तीनों पीढ़ियाँ एक ही शो में साथ बैठकर फिल्म का आनंद ले रही हैं। यही वजह है कि हीर एक्सप्रेस 'बुक माय शो' पर रिलीज़ के दिन से ही लगातार ट्रेंड में है।

### वेदांता को नीलामी में आंध्र का पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक मिला

**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक को नीलामी प्रक्रिया के जरिये हासिल किया है। यह खनिज ब्लॉक 152 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और फिलहाल जी4 स्तर की खोज के चरण में है। जी4 स्तर खनिज खोज की सबसे प्रारंभिक अवस्था होती है। इस चरण में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण कर खनिज संपन्न क्षेत्रों की पहचान की जाती है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक के लिए वेदांता को तरजीही बोलीदाता घोषित किया है।

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी पर लगा ब्रेक



- सेंसेक्स 387 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक में हुई मुनाफावसूली

**मुंबई।** प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे।

## कृषि यंत्र निर्माता संगठन, बिचौलियों की भूमिका को निष्क्रीय करते हुए किसानों तक सीधा लाभ पहुंचाएं : चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ (टीएमए), कृषि मशीनरी निर्माता संघ (एएमएमए), अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ (एआईसीएमए) तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीटीएआई) सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत और वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की। इस बैठक में कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें। बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी की दरें जो पहले 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत थी, अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह घटी हुई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। इसका लाभ सीधा किसान भाइयों-बहनों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार एक बड़ा कदम है। इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर 35 एचपी अब 41,000 रुपये सस्ता हो गया है। ट्रैक्टर 45 एसपी पर अब 45,000 रुपये सस्ता मिलेगा। वहीं ट्रैक्टर 50 एचपी पर 53,000 रुपये और ट्रैक्टर 75 एचपी पर 63,000 रुपये की बचत होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागवानी व निराई-गुड़ाई करने वाले छोटे ट्रैक्टर पर भी बचत होगी। छोटे से लेकर बड़े ट्रैक्टर्स पर जीएसटी दरों में कमी के बाद कीमत कम हो गई है। धान रोपण यंत्र (4 पंक्ति– वॉक बिहाइंड) पर 15,400 रुपये कम हो गए हैं। 4 टन प्रति घंटा क्षमता वाला बहुफसली थ्रेसर अब 14,000 रुपये सस्ता हो गया है। चौहान ने बताया कि पावर वीडर- 7.5 एचपी की कीमत अब 5,495 रुपये कम हो गई है। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल– 11 टाइन अब 10,500 रुपये सस्ता मिलेगा। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल – 13 टाइन 3,220 रुपये कम कीमत में मिलेगा।

## सोने में 800 और चांदी में 500 रुपये की रही मजबूती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना चढ़कर 1,14,000 प्रतिशत 10 ग्राम
- चांदी बढ़कर 1,32,000 रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं।

### चांदी में लगातार दूसरे दिन बढ़त


*इसके अलावा, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई और शुक्रवार को यह 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।*

## विदेशी मुद्रा भंडार में 4.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर रहा था। पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 587.01 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 2.12 अरब डॉलर बढ़कर 92.42 अरब डॉलर हो गया।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

### गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अंशिका पुत्री मेघाराम निवासी गाँव ढाबी कलां, दिनांक 15 सितंबर 2025 को अपने घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।
गुमशुदा लड़की का हुलिया निम्नलिखित है:

- नामः अंशिका
- उम्रः लगभग 22 वर्ष
- कदः लगभग 5 फीट, 4 ईन्च
- रंगः गेहुआं
- चेहराः लम्बुतरा चेहरा
- पहनावाः पीले रंग का सुट सलवार पहने हुए है।

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करें:
**संपर्क करें:**
**थाना भट्टू फतेहाबाद**
**मोबाइल नं.:**
**प्रबन्धक अफसर थाना भट्टू फतेहाबाद**
**88140-11708, अनुसंधान कर्ता 8685872544**
**या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।**
**आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।**
पीआरडीएच-1084/11/3937/2026/38924/88/6 दि. 19.09.25

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेलः coemunimpur@gmail.com

### केन्द्र पर बिजली सप्लाई को ठीक करवाने हेतू मोहरबन्द कुटेशन

### आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर बिजली सप्लाई को ठीक करवाने हेतू मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| Sr. No. | Name of Item | Specifications/Particulars | Rate/sqm/nos./hour/mtr. |
|---|---|---|---|
| 1. | Underground fault locator machine | Renting the machine for locating fault in under ground armored wire | |
| 2. | JCB | Renting JCB for diggingout the damaged underground armored wire | |
| 3. | Underground Aluminium armored cable | Length-20 mtr. (50 sq mm 4 core) | |
| 4. | waterproof Cable Joint | Cable 95 mm sq underground aluminium armored cables (4 joints) | Rate/joint |
| 5. | waterproof Cable Joint | Cable 50 mm sq. underground aluminium armored cables (4 joints) | Rate/joint |
| 6. | Repairing of 5 fancy lights | Complete Job | Rate of complete job |
| 7. | Repairing of electrical supply from main panel to guardroom & sales counter | Complete Job | Rate of complete job |

इच्छुक फर्म दिनांक 30.09.2025 सांय 2 बजे तक तक अपनी कुटेशन **coemunimpur@gmail.com** या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) - 124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विषेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र पर आ सकता है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/942/2026/38921/88/6 दि. 19.09.2025


## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### चिकित्सा

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### ई-नीलामी सूचना

मेसर्स इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के इंडियापोल एसबीआर 1502 - मात्रा- 26,460 किलोग्राम के दुर्घटनाग्रस्त क्षतिग्रस्त माल के निपटान हेतु इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी फॉर्म आमंत्रित किए जाते हैं, जो पूरी तरह से "जैसा है जहां है" के आधार पर है। उपरोक्त सामग्री के निस्तारण का निरीक्षण मेसर्स इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड, नेफ्था क्रैकर के सामने, पॉलिमर टर्मिनल गेट, पी.ओ. पानीपत रिफाइनरी, पानीपत-132140, श्री अमन अरोड़ा मोबाइल नंबर: 8199900751 से पूर्व नियुक्ति लेने के बाद 20/09/25 से 25/09/25 के बीच किया जा सकता है। ई-नीलामी 26/09/25 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाइल - 8434340000 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 148, स्ट्रीट: 11, भाखड़ा एन्क्लेव, नजदीक गुरुद्वारा साहिब मालोमाजरा, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब-147001
या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें :
**info@eauctionbharat.com**
ई.नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25/09/2025 को शाम 05:00 बजे से पहले है।


### COURT NOTICE
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF**
**Sh. Jitesh Kumar Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
**Vikram Singh**
**Vs.**
**Sulekha**
**CNR No. HRJR02-001464-2019**
**Next Date:-04-11-2025**
**That pass a decree in favour of the plaintiff and against the defendants**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
**Sulekha**
**Spouse :- Shri Bhagwan**
**village Mubarikpur Tehsil and Distt. Jhajjar**

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **04-11-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

**Sd/- Jitesh Kumar Sharma**
**Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
**Dated, this day of 16-09-2025**


## शब्द पहेली - 5994




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5993 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



हिमाचल में बनी पुल्ला मंगवाई,मोदी ने अपने बैंक खाते से किया भुगतान

# पीएम ने काशी विश्वनाथ के पुजारियों के लिए 12,000 की विशेष चप्पलें खरीदीं



**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों के लिए भांग के रेशे से पारंपरिक रूप से हस्तनिर्मित चप्पलें (पुल्ला या पूहल) खरीदने के लिए दो महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने खाते से 12-12 हजार रुपये दिये। ठाकुर ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री का फोन कॉल आया और उन्होंने हिमाचल में बने 'पुल्ला' के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने पाया कि पुजारी कड़ाके की ठंड में नंगे पैर पूजा कर रहे थे, क्योंकि मंदिर के अंदर जूते-चप्पल ले जाने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, 'पुल्ला' पहनने की अनुमति है क्योंकि उन्हें 'शुद्ध' माना जाता है। उन्होंने पुजारियों के लिए ये चप्पलें भेजने की इच्छा जताई।'' अपने सिराज निर्वाचन क्षेत्र में 'पुल्ला' बनाने वाले दो स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी मिलने के बाद ठाकुर ने उनके साथ मिलकर चप्पलें तैयार कराने का काम शुरू कराया। उन्होंने तैयार उत्पादों को एकत्र किया और बिना बिल दिए उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय भेजने की व्यवस्था की।

# मोदी आज गुजरात से कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को गुजरात में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में भाग लेंगे और भावनगर से 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और बाद में लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा करेंगे। बयान में कहा गया है कि समुद्री क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी समुद्री क्षेत्र से संबंधित 7,870 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।



## अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री इंदिरा डॉक पर बने मुंबई अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता में एक नए कंटेनर टर्मिनल और संबंधित सुविधाओं तथा पारादीप बंदरगाह पर विभिन्न सुविधाओं और संबंधित विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। मोदी गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी केंद्र और राज्य सरकार की 26,354 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री छारा बंदरगाह पर एक गैस टर्मिनल, गुजरात आईओसीएल रिफाइनरी में 'एक्रिलिक और ऑक्सो अल्कोहल' परियोजना, 600 मेगावाट की 'ग्रीन शू' पहल, किसानों के लिए पीएम-कुसुम 475 मेगावाट के सौर फीडर और धोरडो गांव के पूर्ण सौरीकरण आदि का उद्घाटन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद संस्थान गोवा में मनाएगा आयुर्वेद दिवस

**पणजी।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गोवा में 23 सितंबर को 10वां आयुर्वेद दिवस मनाएगा। यह पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के वैश्विक प्रचार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। नई दिल्ली में आयुर्वेद दिवस समारोह के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है।



### मुख्तार के बेटे उमर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**इलाहाबाद।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।



### पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बीजेपी ने आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ता संजय भौमिक की टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है और इसे राजनीतिक हत्या बताया है लेकिन टीएमसी ने आरोपों को गलत बताया है। भौमिक की उम्र 36 साल थी।

### उधमपुर में मुठभेड़ में सेना का जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पुलिस ने ऊंचाई वाले इलाके सेओज धार से लगे दूदू पुलिस थाना क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ''मुठभेड़ जारी है।

## 'वोट चोरी' को लेकर सियासी पारा गरम, नेता प्रतिपक्ष के दावों पर भाजपा का पलटवार, दावे खारिज

सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच बयान पर वाकयुद्ध शुरू

# राहुल बार-बार की चुनावी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करें: रीजीजू

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए राहुल गांधी किसी अन्य संस्था को निशाना नहीं बना सकते या ध्यान भटका नहीं सकते। ऐसे प्रयासों को लोग स्वीकार नहीं करेंगे।*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संस्थाओं पर निशाना साधने के बजाय अपनी बार-बार की चुनावी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले ही गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर "वोट चोरी" करने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि कर्नाटक में मतदाता सूची से कांग्रेस मतदाताओं के नाम व्यवस्थित तरीके से हटाए जा रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने आरोपों को गलत और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उचित प्रक्रिया के बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता। रीजीजू ने कहा कि अगर आप बार-बार चुनाव हारते हैं, तो आपको अपनी कमजोरियों और अपने नेतृत्व की विफलता को स्वीकार करना चाहिए। लेकिन इसके बजाय, आप संस्थाओं को दोष देना शुरू कर देते हैं। क्या यह सही तरीका है?" केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए राहुल गांधी किसी अन्य संस्था को निशाना नहीं



### शिंदे भड़के, राहुल के आरोप निराधार

**ठाणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नए आरोपों को ''पूरी तरह निराधार'' बताते हुए खारिज कर दिया और उन्हें निर्वाचन आयोग में औपचारिक हलफनामा देने की चुनौती दी। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' और 'लोकतंत्र की हत्या करने वालों' को बचाने का आरोप लगाया तथा कर्नाटक के विस क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट सुनियोजित तरीके से हटाए जा रहे थे। निर्वाचन आयोग ने आरोपों को ''गलत और निराधार'' तथा कहा कि ''किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। उनके दावों के बाद सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया है।



### निर्वाचन आयोग 'वोटी चोरी' पर 'झूठ बोल रहा भाजपा से मिली भगत : प्रियांक खरगे



**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने यह कहकर झूठ बोला है कि उसने 'वोट चोरी' के संबंध में सारी जानकारी उपलब्ध करा दी है, जबकि कर्नाटक के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी का चार फरवरी, 2025 को भेजा गया पत्र कुछ और ही कहानी बयां करता है। राहुल ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरों' को संरक्षण दे रहे हैं। बेंगलुरु में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने कहा कि सीआईडी ने 18 पत्र लिखे हैं और सबसे ताजा पत्र एक फरवरी, 2025 को लिखा गया था।

### राहुल की 'वोट चोरी' पर प्रेस वार्ता अंजनी मिश्रा के लिए बनी मुसीबत, आ रहे सैकड़ों कॉल

**प्रयागराज (भाषा)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक दिन पहले दिल्ली में "वोट चोरी" के दावों को लेकर की गयी प्रेस वार्ता में साझा किए मोबाइल नंबरों में एक नंबर प्रयागराज के मेजा रोड पर रहने वाले अंजनी मिश्रा का भी है। मिश्रा, राहुल की प्रेस वार्ता के बाद उनके मोबाइल फोन पर आ रहे लगातार फोन से बेहद परेशान हैं। मेजा तहसील की मेजा रोड पर 'कॉमन सर्विस सेंटर' चलाने वाले अंजनी मिश्रा ने बताया, "कल (बृहस्पतिवार) शाम से 300 से अधिक कॉल आ चुके हैं और लोग 'वोट चोरी' के बारे में पूछते हैं। मैं इन फोन कॉल से परेशान हो चुका हूं और जल्द ही राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगा। मैं पिछले 15 साल से यह मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर रहा हूं और पता नहीं कैसे राहुल गांधी ने मेरा नंबर अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में साझा कर दिया। अब मोबाइल मेरे लिए आफत बन गया है।"

कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा ने फोड़ दिया फिर हाइड्रोजन बम

# पित्रोदा बोले-पाक घर जैसा भाजपा ने कहा मुंबई हमले पर भारी पड़ा कांग्रेस का यह प्रेम





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और आरोप लगाया कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले (26/11) के बाद भी कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया। भाजपा ने कहा कि इसकी वजह कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति अनवरत प्रेम था। मामला तब गरमा गया जब कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा का बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ। सैम पित्रोदा का यह बयान सत्ता पक्ष के लिए हथियार बन गया।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे राहुल गांधी की सोच से जोड़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के सबसे करीबी और कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा पाकिस्तान को अपना घर बताते हैं।

यही वजह है कि यूपीए सरकार ने 26/11 जैसे हमले के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम नहीं उठाया। प्रदीप भंडारी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि पाकिस्तान का पसंदीदा और कांग्रेस का चुना हुआ।

### राहुल गांधी पर भी उठाए सवाल

भंडारी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पित्रोदा गांधी परिवार के करीबी हैं और लंबे समय से उनकी रणनीति तय करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि हाल ही में आईएसआई एजेंट शाहिद अफरीदी ने राहुल गांधी को आइडल कहा था और अब उनका नजदीकी पाकिस्तान को घर बता रहा है।

### कांग्रेस ने पाक को हमेशा क्लीन चिट दी

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने आतंकवादी हाफिज सईद से यासीन मलिक के जरिए बातचीत की, 26/11, समझौता, पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमलों में पाकिस्तान को क्लीन चिट दी। पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मजबूत करने का काम किया।



भाजपा विधायक के बयान से घमासान

# शरद ने फड़णवीस को फोन कर जताई टिप्पणी पर आपत्ति

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में उस समय हलचल मच गई जब भाजपा के विधायक गोपीचंद पाडलकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री जयंत पाटिल और उनके माता-पिता को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने खुद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को फोन कर इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब गोपीचंद ने सांगली जिले के जत विधानसभा क्षेत्र में एक रैली में जयंत और उनके माता-पिता को लेकर कथित तौर पर अपमानजनक बातें कही। जयंत पाटिल पश्चिमी महाराष्ट्र में सहकारिता आंदोलन के बड़े चेहरे माने जाते हैं और उनके पिता, स्व. राजाराम पाटिल, कांग्रेस के दिग्गज नेता और सहकारिता आंदोलन के प्रणेता रहे हैं।



# यूपीएससी परीक्षाओं में एआई करेगा अभ्यर्थियों की पहचान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने परीक्षाओं में उम्मीदवारों की पहचान को अधिक सुरक्षित और तेजी से करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित चेहरे की पहचान तकनीक का सफल परीक्षण किया है। अध्यक्ष अजय कुमार नेयह घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट कार्यक्रम सफल रहा है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभागके साथ साझेदारी से विकसित इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करना है। एनडीए और सीडीएस परीक्षा में हुआ ट्रायल यूपीएससी के अध्यक्ष ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट 14 सितंबर को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, नौसेना अकादमी और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षाओं के दौरान गुरुग्राम के कुछ केंद्रों पर किया गया था। 1129 उम्मीदवारों की पहचान की और सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। जांचने में सिर्फ 8 से 10 सेकंड का समय लगा।





## चुनाव आयोग की गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्ती

# 6 साल से निष्क्रिय 474 राजनीतिक दलों का पंजीकरण किया खत्म

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। आयोग के तीसरे चरण में हरियाणा के 11, छत्तीसगढ़ के 9, मप्र के 6 ऐसे राजनीतिक दलों या यूं कहें राजनीतिक दल के नाम पर 'दुकान' चला रहे सभी उपक्रमों का शटर गिराना तय कर दिया है। आयोग ने कदम जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत उठाया है, जिसके अनुसार कोई भी पंजीकृत दल यदि 6वर्षों तक किसी भी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेता है तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस प्रकार अगस्त से अब तक कुल 808 दलों की मान्यता खत्म हो चुकी है।

■ टैक्स छूट व अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया



### सन 2019 से ही कार्रवाई शुरू की

आयोग ने यह भी बताया कि 2019 से ही ऐसे निष्क्रिय दलों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी क्रम में पहले चरण में 9 अगस्त को और फिर दूसरे चरण में 18 सितंबर को कार्रवाई की गई। इन दोनों चरणों के दौरान कुल 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म हो गया। प्रक्रिया के पहले चरण में आयोग ने विगत 9 अगस्त को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। आज दूसरे चरण में, निर्वाचन आयोग ने लगातार छह वर्षों तक किसी भी चुनाव में भाग न लेने के आधार पर, 18 सितंबर को 474 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया गया है।

स.ए-12023/01/2022-स्था. ।।
भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
विज्ञापन सं. डीएसटी/03/2025-स्था. ।।।


विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध (आईएसटीसी) सहित) आधार पर पुस्तकालय एवं सूचना सहायक (सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन स्तर-6 में) के '01' (एक) पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों को पहले इस विभाग के पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ पर एक वैध ईमेल आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेन्ट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके बाद, सफलतापूर्वक प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित, पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों के साथ, प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव या समकक्ष स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित, और इन पांच वर्षों में प्राप्त एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग की सारांश शीट, अनिवार्य रूप से उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित की जानी चाहिए ताकि **ऑनलाइन पोर्टल बंद होने की तारीख** से 30 दिनों के भीतर (दूरस्थ क्षेत्रों जैसे असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, ल द्दाख, लाहौल और स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के आवेदकों के लिए 45 दिन) पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग में पहुँच जाए। संगठन/संस्थान (जिनके कर्मचारी अन्यथा आवेदन करने के पात्र हैं) जिनके पास एपीएआर/एसीआर रिकॉर्ड करने की प्रणाली नहीं है, में कार्यरत आवेदकों को अपने संगठनों/संस्थानों के प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले 05 वर्षों के अपने कार्य प्रोफाइल और ग्रेडिंग को आवेदनों के साथ उचित चैनल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा ताकि इस विभाग तक **ऑनलाइन पोर्टल बंद होने की अंतिम तिथि** से 30 दिनों के भीतर (दूरदराज के क्षेत्रों के लिए 45 दिन) **पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा** पहुंच जाए। आवेदन प्रक्रिया और अन्य सामान्य शर्तों और आवश्यकताओं के लिए कृपया हमारी वेबसाइट (www.dst.gov.in) के प्रशासन एवं वित्त सेक्शन के अंतर्गत भर्ती प्रकोष्ठ वेबपेज पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।

हस्ता/- (विनोद कुमार शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 36101/11/0006/2526

हरियाणा सरकार

निदेशालय, सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा, हरियाणा



आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट

निविदा सम्बन्धी सूचना

1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे - 44 पर 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक ' का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक में बनाई गई Water Body/Lake में Solar Boat, Mechanical Boat, Manual Boat की Ferrying/Operating के लिए एजेन्सी/फर्म की आवश्यकता है।

विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाली एजेन्सी की सेवाएं (Quality & Cost Based Selection (QCBS)) हेतु https://etenders.hry.nic.in पर टैंडर लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं जिसकी अन्तिम तिथि 21 अक्तूबर, 2025 सायं 5:00 बजे तक है। इस टैंडर की ID-2025_HRY_473613 है तथा इसके दस्तावेज़ व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती हैं। अगर कोई बोलीदाता शहीद स्मारक देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. नं. 200-201, सैक्टर-17 सी, चण्डीगढ़
फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# कमर टूटी, अब खात्मे के नजदीक है नक्सलवाद

कभी देश के लिए सबसे बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उसके बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं या फिर सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर कर चुके हैं। बीते दिनों हुए इन चार घटनाक्रम को देखें तो तय है कि नक्सलवाद का अंत केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा से पहले ही होने जा रहा है। 10 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि मटाल पहाड़ी के पास 1.5 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 20 से 25 नक्सलियों के मौजूद है। तुरंत ऑपरेशन लॉन्च किया गया। 11 सितंबर को दिनभर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ चलती रही। पुलिस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा जवानों ने मिलकर बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इसके दो दिन बाद ही 13 सितंबर को नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की सीनियर मेंबर सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया। सुजाता अकेली नहीं है, इस साल अब तक 404 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। इसके तीन दिन बाद 16 सितंबर को प्रेस रिलीज वायरल हुई। इसमें सरकार से शांति वार्ता करने और हथियारबंद संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने की बात कही। तय है कि नक्सलवाद की अब कमर टूट चुकी है। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद दम तोड़ रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे, मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर केवल 18 रह गई। इसमें भी केवल 6 जिलों को ही 'सबसे अधिक प्रभावित' श्रेणी में रखा गया है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2010 में नक्सली हिंसा की 1,936 घटनाएं हुईं, जो 2024 में घटकर सिर्फ 374 रह गईं, मतलब 81 प्रतिशत की गिरावट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया था कि सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को तब बल मिला जब छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में कम से कम 27 नक्सलवादी मारे गए, जिनमें टॉप नक्सली नेता नंबाला केशवराव उर्फ बसवराजू भी शामिल है, जिसपर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था। पिछले 20 महीनों में नक्सलवादी मूवमेंट को पहले ही कई बड़े झटके लग चुके हैं। 450 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। एक समय था जब बीजापुर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में हालात इतने खतरनाक थे कि हमलों से बचने के लिए किसी भी अभियान से पहले रोड ओपनिंग पार्टी भेजनी पड़ती थी। इन इलाकों में हर वक्त बम धमाके या अचानक गोलीबारी का खतरा मंडराता रहता था। इसके कारण सुरक्षाबल रक्षात्मक होकर अपने शिविरों तक सिमट गए। सुरक्षाबलों का अपना मनोबल तो कमजोर हुआ ही, लोगों का उन पर भरोसा भी डगमगाया। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है, जिसने नक्सलवाद की कमर तोड़ दी। अब जरूरत बस इस बात की है कि सरकार इन क्षेत्रों में रोजगार और विकास के की गति को बनाए रखें। वो दिन दूर नहीं, जब नक्सलवाद केवल इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगा।



वक्फ कानून
राजेश माहेश्वरी

# सर्वोच्च अदालत का संवेदनशील प्रयास

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है।

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। करीब 9.4 लाख एकड़, इतनी जमीन में दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं। इसी वक्फ बोर्ड से जुड़े एक्ट में बदलाव को लेकर विपक्ष के नेता और मुसलमानों का एक बड़ा तबका लगातार विरोध कर रहा है। शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम-कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं? बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन-चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों-14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने 'मित्र



उद्योगपतियों' को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं। क्या वाकई ऐसी नौबत आ गई थी? बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिए एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिए नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिए किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है। कोर्ट के इस फैसले से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संतुष्ट नहीं है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसी के चलते प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर मंतर पर 24 सितंबर को धरना देने और गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है। साथ ही बोर्ड ने मुसलमानों से अपील की है कि 26 सितंबर को सभी मुसलमान अपने ऑफिस और दुकानों को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक बंद रखें। असल में जब मामला अदालत में है तो ऐसे में धरना, प्रदर्शन और रैलियां करके मुस्लिम धर्मगुरु या नेता क्या संदेश देना चाहते हैं। क्या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझता है। अहम सवाल है कि भारत में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं, फिर भी औसत मुसलमान गरीब, असहाय, अनपढ़ क्यों है? यह सवाल तो 'सच्चर कमेटी' की रपट में भी उठाया गया था। सवाल यह भी है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में आज भी 14,417 विवादित केस क्यों लंबित हैं? न्यायिक पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के स्थान पर भविष्य में 'वक्फ बाय ऑनर' का फैसला क्यों दिया है? दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवरात्रि विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मातृशक्ति के जीवनचक्र का प्रतिबिंब है नवरात्रि पर्व

नवरात्रि केवल देवी पूजा का पर्व ही नहीं है , बल्कि यह एक ऐसा समय है जब व्यक्तिगत जीवन में आने वाले परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से अपनाने, व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने और एक बेहतर व्यक्ति बनने का दृढ़ निश्चय करता है, जिसे संकल्प कहा जाता है। नवरात्रि देवी मां के सम्मान में हमारे देश में मनाए जाने वाले सारे पर्वों में मुख्य पर्व माना जाता है। यह एक विशेष पर्व है जिसमें पारंपरिक पूजन, नृत्य व संगीत सभी शामिल रहते हैं। नवरात्रि का वास्तविक अर्थ है - हमारे जीवन के सभी तीन तत्वों को नौ दिनों तक विश्राम देना। नवरात्रि के पहले तीन दिन 'तामसिक दिन' होते हैं । उसके बाद 'राजसिक दिन' आते हैं और अंत के तीन दिन 'सात्विक दिन' होते हैं । हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है। पूरे नौ दिन यज्ञ, पूजा और होम किए जाते हैं। अग्नि को अर्पित की जाने वाली सामग्री में विभिन्न जड़ी-बूटी, फल, वस्त्र और मंत्र शामिल होते हैं, जो मुग्ध कर देने वाले तेजोमय दैवीय वातावरण का निर्माण करते हैं। नवरात्रि की शुरुआत सर्वप्रथम मन की अशुद्धियों को दूर करने के लिए मां दुर्गा के आह्वान के रूप में की जाती है। कहा जा सकता है कि पहला कदम - लालसा, द्वेष, दंभ, लोभ आदि प्रवृत्तियों पर विजय पाना होता है। इसके पश्चात उत्कृष्ट मूल्यों व गुणों और समृद्धि को विकसित करने के लिए मां लक्ष्मी का आह्वान किया जाता है । अंत में आत्म के सर्वोच्च ज्ञान की प्राप्ति हेतु मां सरस्वती का आव्हान किया जाता है। नवरात्रि जैसे परम कल्याणकारी पर्व को मनाने का उद्देश्य जड़ता से प्रसन्नता की ओर, कामना से तृप्ति की ओर अग्रसर होना ही है । जिस प्रकार हम प्रतिदिन रात्रि के समय विश्राम करते हैं, ठीक उसी तरह भारतीय संस्कृति के अनुसार वर्ष में दो बार ध्यान साधना के द्वारा गहरे विश्राम में जाने और स्वयं का पुनर्नवीनीकरण करने की परंपरा है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित होते हैं। यह पूजा अपनी ऊर्जा और शक्ति द्वारा की जाती है। नवरात्रि के चौथे-पांचवें प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप को समर्पित हुआ करता है। नवरात्रि के चौथे ,पांचवें और छठवें दिन समृद्धि को समर्पित और शांति की देवी लक्ष्मी की पूजा लिए समर्पित होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा से व्यक्ति अहंकार, क्रोध , वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुरी चीजों से छुटकारा पाने का संकल्प लेता है। शक्ति और धन से परिपूर्ण होने के बावजूद मानव जीवन जीने के लिए ज्ञान आवश्यक है। यही कारण है कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। सातवें , आठवें और नवें दिन आध्यात्मिक ज्ञान के उद्देश्य से मां से प्रार्थना की जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नवमी तिथि पर उन 9 लड़कियों की पूजा की जाती है , जो अभी तक अपनी युवावस्था में नहीं पहुंची हैं। ऐसा माना जाता है कि यही 9 लड़कियां मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक हैं। हिंदू दर्शन में नवरात्रि काल को शक्ति संचय की दृष्टि से अति विशिष्ट माना जाता है। विशिष्ट साधना काल में साधक आदि शक्ति की उपासना के साथ नारी शक्ति की गरिमा को साकार रूप प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति में नारी को प्राचीन काल से ही सम्मान और सुरक्षा दी गई है, हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक ऐतिहासिक शास्त्रों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। यह केवल उपवास और व्रत का पर्व नहीं बल्कि नारी शक्ति एवं कन्याओं के सम्मान का भी महापर्व है। वास्तव में देखा जाए तो नवदुर्गा एक स्त्री के पूरे जीवन चक्र का प्रतिबिंब है। हम जिन 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं उन सभी का स्वरूप नारी के बाल स्वरूप से युवावस्था तक के पौराणिक कथानकों का चित्रण कहा जा सकता है। जन्म ग्रहण करती हुई कन्या को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। कौमार्य अवस्था ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हुआ करता है। एक युवती विवाह से पूर्व तक चंद्रमा के समान निर्मल होने के कारण चंद्रघंटा का रूप ग्रहण करती है। जब वही युवती नए जीव को जन्म देने के लिए गर्भधारण करती है ,तो कुष्मांडा के रूप में पूजी जाती है। संतान को जन्म देने के बाद वही स्त्री अब स्कंदमाता हो जाती है। संयम और साधना को धारण करने वाली स्त्री कात्यायनी रूप में दर्शन देती है। अपने संकल्प से पति की अकाल मृत्यु को भी जीत लेने से वही कालरात्रि रूप में पूजी जाती है। संसार जिसे मां ,अपना कुटुंब मानती है, सभी पर उपकार करने से महागौरी का रूप प्राप्त करती है और धरती को छोड़कर स्वर्ग प्रयत्न करने से पहले संसार में अपनी संतान को सिद्धि का आशीर्वाद देने वाली मां सिद्धिदात्री कहलाती है । अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक स्त्री अपने आप में कही ना कहीं मां जगदंबे का ही प्रतिबिंब है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत



संकलित
## दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ झेलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैंनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैंनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो


आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं।

**-अमित देवांगन**, कुम्हारी

## करंट अफेयर

# 'हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा ?'


अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नयी किताब में बताया कि जब उन्हें 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से हारने की खबर मिली तो उन्हें इस पर यकीन नहीं हुआ। किताब में बताया गया है कि हार की खबर मिलने के बाद हैरिस की एक सहयोगी ने कपकेक पर लिखे वाक्यांश ''मैडम प्रेसिडेंट'' को हटाया और उन्हें वहां निराश कर्मचारियों में बांट दिया। खबर सुनकर हैरिस ने कहा, ''हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा?'' अगले दिन भी वह सदमे में रहीं और इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रही थीं। हैरिस ने अपनी किताब ''107 डेज़'' में ये वाकये बताए हैं जिसका मंगलवार को विमोचन होगा। किताब का शीर्षक राष्ट्रपति चुनाव के लिए चलाए गए उनके अभियान की ओर इशारा करता है। इसमें उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया है, अपनी नाराजगियां उजागर की हैं और कई अजीब क्षणों का जिक्र किया है। हैरिस लिखती हैं कि 81 वर्ष की उम्र में बाइडन थक गए थे और चुनाव संबंधी बहस के दौरान उनकी यह स्थिति साफ झलक रही थी। फिर भी उनकी टीम 'जो बाइडन जीतो' जैसे नारे देती रही। हैरिस ने माना कि कभी-कभी उनके और बाइडन के रिश्तों में खटास भी आयी। किताब में हैरिस अपनी कुछ गलतियों को स्वीकार करती हैं, खासकर 'द व्यू' टॉक शो में अपनी एक खराब उपस्थिति को लेकर।



## ऑफ बीट

# क्या सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करना सुरक्षित है

स्वस्थ वयस्क प्रतिदिन एक लीटर से ज़्यादा मूत्र और 100 ग्राम से ज़्यादा मल त्यागते हैं। हर कोई मल और मूत्र में बैक्टीरिया और वायरस छोड़ता है, और इनमें से कुछ शौचालय में पहुँच जाते हैं। कुछ लोग, खासकर दस्त से पीड़ित लोग, शौचालय का इस्तेमाल करते समय ज़्यादा हानिकारक रोगाणु (बैक्टीरिया और वायरस) छोड़ सकते हैं। सार्वजनिक शौचालय /"सूक्ष्मजीवों का ढेर/" हो सकते हैं, विशेषकर तब जब बहुत से लोग उनका उपयोग करते हैं और उनकी सफाई उतनी बार नहीं होती जितनी होनी चाहिए। टॉयलेट सीट पर कौन से कीटाणु पाए जाते हैं? टॉयलेट सीट और उसके आस-पास कई तरह के रोगाणु पाए गए हैं। इनमें शामिल हैं: आंत के बैक्टीरिया, जैसे ई. कोलाई, क्लेबसिएला, एंटरोकोकस, और नोरोवायरस व रोटावायरस जैसे वायरस। ये गैस्ट्रोएंटेराइटिस, उल्टी और दस्त का कारण बन सकते हैं। त्वचा के बैक्टीरिया, जिनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस और यहाँ तक कि बहु-दवा प्रतिरोधी एस. ऑरियस और स्यूडोमोनास व एसिनेटोबैक्टर जैसे अन्य बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। मल में मौजूद परजीवियों (कीड़ों) के अंडे और प्रोटोज़ोआ जैसे एक कोशिकीय जीव भी संक्रमण और पेट दर्द का कारण बन सकते हैं।



## ट्रेंड

### कदम्ब का पौधा



आज सुबह, 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक कदम्ब का पौधा लगाया, जो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया था। वे पर्यावरण और स्थिरता के प्रति बहुत समर्पित हैं, और यह विषय हमारी चर्चाओं में भी शामिल होता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गहरी संवेदनाएं व्यक्त



प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और ज़ुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूँ। 'असम की आवाज़' के रूप में प्रशंसित, कई भारतीय भाषाओं में उन्होंने अपनी आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### छात्र शक्ति की विजय



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में 4 में से 3 पदों पर एबीवीपी की शानदार जीत छात्र राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा का प्रतीक है। यह केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और छात्र शक्ति की ऐतिहासिक विजय है।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

### सामुदायिक संसाधन



पानी कोई व्यक्तिगत संसाधन नहीं है। यह सामुदायिक संसाधन है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। हमें पानी की पूजा करनी चाहिए, न कि उसे सिर्फ़अपने शौचालयों में बहा देना चाहिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई, भारत के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट

# सूर्यकुमार ने सभी बल्लेबाजों व गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, ओमान को 21 रन से हराया

एजेंसी ⏭ अबु धाबी

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों विभागों में अपने उपलब्ध संसाधनों का पूरा इस्तेमाल किया जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां ओमान को 21 रन से हराकर एशिया कप के ग्रुप लीग चरण का अंत जीत की हैट्रिक से किया। अब भारतीय टीम 48 घंटे से भी कम समय में दुबई में सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मैच से पहले भारतीय कप्तान ने खुद को बल्लेबाजी क्रम में खुद को 11वें पर ढकेलते हुए अपने बाकी 10 साथियों को मध्यक्रम में मौका देने का सही फैसला किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने ओमान के सामने 189 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। ओमान की टीम पहली बार टी20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ खेल रही थी। जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कुछ खास नहीं दिखा जिससे ओमान ने जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाए। गेंदबाजी में भी सूर्यकुमार के पास आठ गेंदबाजी विकल्पों का इस्तेमाल करने का मौका था। अतिम एकादश में शामिल दो खिलाड़ियों हर्षित राणा (तीन ओवर में 25 रन देकर एक विकेट) और अर्शदीप सिंह (37 रन देकर एक विकेट) को खेलने का मौका कम मिला है। दोनों ने इस सत्र में उत्तर क्षेत्र के लिए एकमात्र दलीप ट्रॉफी मैच खेला था। कुलदीप यादव (तीन ओवर में 23 रन देकर एक विकेट) हमेशा की तरह बाकियों से बेहतर रहे। अर्शदीप के पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की संभावना कम है। उन्हें 100 विकेट पूरे करने का मौका मिला जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए।






### श्रीलंका की जीत की लय जारी बांग्लादेश कर सकता है पलटवार

**दुबई।** ग्रुप बी में अपने सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 20 सितंबर को होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया।

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 30 सितंबर से शुरू हो रहा महिला क्रिकेट विश्व कप
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा एकदिवसीय मैच आज 1.30 बजे से

दूसरे वनडे में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम 20 सितंबर को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।



### अरुंधति को शामिल करना भारत के लिए अच्छा

*स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि स्पिनरों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाजी में तीसरे विकल्प के रूप में अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। लेकिन मेजबान टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है।*

### ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब

इस बीच ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब होगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने स्वीकार किया कि दूसरे वनडे में उनकी टीम खेल के हर विभाग में नाकाम रही। आठ बार की विश्व चैंपियन टीम अपनी कमियों को दूर करने के साथ-साथ भारत की भीषण गर्मी से सामंजस्य बिठाने के लिए भी उत्सुक होगी।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्रीचरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

चाइना मास्टर्स

## आन के खिलाफ सिंधू की लगातार 8वीं हार



एजेंसी ⏭ शेनझेन

शटलर पीवी सिंधू का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं।

### सिंधू की शुरुआत रही खराब

सिंधू की शुरुआत खराब रही और वह पहले गेम में एक समय 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने स्कोर 5-9 कर लिया। आन ने हालांकि ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। सिंधू 11-14 पर स्कोर को करीब लाने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने कुछ देर के लिए 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आन ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल से बढ़त बनाने की कोशिश की और एक समय वह 7-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन आन के बेहतरीन खेल और विविधता ने उन्हें ब्रेक तक 11-7 से आगे कर दिया। कोरिया के खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### स्पीड स्केटर राज ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39.714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। भारत के 19 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में भाग लिया। अनीश ने इस साल दक्षिण कोरिया में हुई 20वीं एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### ला सेला ओपनः संयुक्त 17वें स्थान पर त्वेसा

**एलिकांटे।** लेडीज यूरोपियन टूर में खेलना जारी रखने के लिए अपना कार्ड बरकरार रखने को प्रयासरत भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में एक अंडर 71 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। त्वेसा ला सेला गोल्फ रिसोर्ट में आयोजित की जा रही इस 10 लाख यूरो इनामी प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीय महिला खिलाड़ियों में पहले दौर के बाद सबसे आगे हैं। हिताशी बख्शी (72) संयुक्त 28वें, जबकि दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 44वें स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावरी (75) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

## महीने की शुरुआत से ही परेशान कर रहा था बैक पैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरुप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को टोकियो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86.27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे।

